नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानो पर निगम भिलाई की बड़ी कार्यवाही

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवंती बाई चौंक से जुनवानी सूर्या मॉल चौंक तक नाली के ऊपर अवैध अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही की गई। नगर निगम भिलाई द्वारा व्यापारियो को नोटिस दिया गया था। दो दिन पूर्व मुनादी भी कराई जा रही थी, उसके बाद भी नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण व्यापारियों द्वारा नहीं हटाया गया। कुछ व्यापारियो द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया गया था, जो व्यापारी नाली के उपर से अतिक्रमण को नहीं हटाये थे। उन पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता की टीम मौके पर जेसीबी के माध्यम से अवैघ अतिक्रमण को हटायझं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी कि व्यापारियो द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे देखते हुए अधिकारियो को निर्देश दिये कि व्यापारियो द्वारा नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटाने की कार्यवाही की जानी है। गुरूवार को जोन आयुक्त येशा लहरे तोड़फोड़ दस्ता लेकर मौके पर पहुंच गई। नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण कर रखे व्यापारियो पर एकरूपता के साथ कार्यवाही की गई। नाली के उपर अवैघ अतिक्रमण के कारण नाली ठीक से साफ नहीं हो पा रही है, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। एक ही स्थान पर पानी के भराव हो जाने से मच्छर पनप रहे है, जिससे बिमारियो को खतरा बढ़ रहा है। नाली जाम होने से बरसात के समय सुचारू रूप से जल निकासी अवरूद्व हो जा रहा है। जिसके कारण कुछ क्षेत्रो में जल भराव की स्थिति उत्तपन्न हो जा रही है। सूर्या मॉल चौंक पर अतिक्रमण हटाते समय गाड़ी ड्राईवर कृष्णा ने बताया नाली के उपर अतिक्रमण करके व्यापार करने से रास्ता जाम हो जा रहा है। यहॉ से गाड़ी निकालना मुस्किल हो जा रहा है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर निगम भिलाई का प्रयास अच्छा है, अतिक्रमण पर कार्यवाही होते रहना चाहिए। जुनवानी चौंक पर स्थित पेट्रोल पम्प द्वारा अतिरिक्त कब्जा करके विज्ञापन बोर्ड, लाईट एवं मिनी गार्डन निर्मित किया गया था। पूर्व में दो नोटिस देने के बाद भी खाली नही किया गया था, उसे भी हटाया गया। कार्यवाही के दौरान जोन सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, अभियंता अरविंद शर्मा, शहबाज खान, वसीम खान, जोन स्वास्थ्य निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, राजेश गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल, विष्णु एवं निगम का तोड़फोड़ दस्ता की टीम उपस्थित रहे।